Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to start air flight between Jaipur and Vadodara.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर) : माननीय सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । मैं आपके माध्यम से माननीय उड्डयन मंत्री जी से एक आग्रह करना चाहूंगा । जयपुर और वडोदरा – ये दोनों स्थान इंडस्ट्रियल भी हैं और व्यवसायिक एवं टूरिस्ट सेंटर्स भी हैं । इन स्थानों के बीच फ्लाइट न होने के कारण काफी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय उड्डयन मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि जयपुर-वडोदरा के बीच फ्लाइट चालू की जाए । स्टेच्यु ऑफ यूनिटी, जो कि सरदार वल्लभभाई पटेल का स्टेच्यु है, पूरे राजस्थान से किसानों का लोहा और मिट्टी इस स्टेच्यु के लिए गया है । इससे राजस्थान के लोग अपने आप में गौरवांवित हैं और माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देते हैं ।

मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा और वडोदरा सांसद माननीय श्रीमती रंजनबेन भट्ट जी ने भी आग्रह किया है कि जयपुर-वडोदरा फ्लाइट चालू होती है, तो जयपुर वासियों को, जो कि एक व्यवसायिक केन्द्र है, बहुत लाभ होगा । राजस्थान के काफी लोग, जो वडोदरा रहते हैं, उन लोगों को आने-जाने में और जो वडोदरा के लोग राजस्थान में नौकरी करते हैं, उन लोगों को भी आने-जाने में काफी फायदा होगा । इससे टूरिज़्म क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा । अत: मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा कि जल्द ही यह फ्लाइट चालू कराई जाए । धन्यवाद ।